# शुद्ध पेयजल सप्लाई को लेकर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर के वार्ड क्रं. 32 कुम्हार पारा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड में डायरिया प्रभावित क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर भिलाई निगम द्वारा अभियान छेड़ा गया है। आयुक्त स्वयं सुबह 7:30 बजे से ही वार्ड जोन आयुक्त सतीश यादव, इंजीनियरों एवं पार्षद पति धर्मेन्द्र दिवाकर के साथ वार्डों का दौरा किए और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किए। जोन 03 के वार्डों में पेयजल को लेकर कोई समस्या न हो इसके लिए आयुक्त के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी इंजीनियरों की अलग–अलग टीम बनाकर संपूर्ण वार्डों का सर्वे कार्य किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सघन स्तर पर सफाई कार्य में जुटे हुए है, ताकि किसी भी प्रकार से जलजनित बिमारी न फैल सके। वार्ड में पेयजल हेतु बिछाई गई पाईप लाइन को देखे और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए। कहीं पर भी पाइप लाईन में लिकेज की समस्या आ रही है तो उसका तत्काल संधारण कराये। संधारण के दौरान वार्ड में नागरिको को किसी प्रकार की पेयजल की समस्या न हो पाए, वार्ड के सभी गली, मोहल्लो में प्रतिदिन साफ–सफाई करते रहने, जरूरत पड़े तो पानी का सेंपल लेकर उसे लैब में जॉच के लिए भेजे। यदि पानी में शुद्वता न दिखे तो टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें। मितानिन डोर–टू–डोर नागरिको के घर पर जाकर जागरूक कर रही है और आवश्यक सलाह दे रही है। आयुक्त नागरिको से मिलकर उनको समझाए किसी प्रकार की डायरिया से संबंधित कोई लक्षण दिखे तो तत्काल डॉक्टर से सलाह ले और ईलाज कराए। बाहर के खादय सामग्री खाने से बचे, पानी उबालकर पिये, गर्म भोजन करें और सुरक्षित रहें। तत्पश्चात सेक्टर 01 पिंक उद्यान का निरीक्षण किए और उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किए की उद्यान में जो भी गाजर घास एवं अनावश्यक खरपतवार है, उसे निकलवा दिया जाए। वहां से होकर चंद्रा मोर्या टाकिज के समीप अंडरब्रिज में जलभराव की स्थिति को देखे उपस्थित कर्मचारियो से कहे कि वहां पानी का भराव न हो, जो भी कचरा फसता है उसे तत्काल निकलवा कर हटा दिया जाए। जिससे आने–जाने वाले नागरिको को किसी प्रकार की समस्या न हो और आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, सुपरवाईजर श्याम ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

